**सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विदेशी सहायता**

4268. **श्री ईश दत्त यादव :**
**श्री नागमणि :**

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों में सिंचाई परियोजनाओं के कार्यानवयन तथा पयजल उपलब्ध कराने के लिए एशियाई विकास बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा वर्षा 1997-98 में राज्य-वार कितनी-कितनी वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी है; और

(ख) इनमें से राज्य-वार अब तक कौन-कौन सी योजनाएं क्रियान्वित की गयी हैं और उनकी राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है ?

**जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) :** (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों में एशिया विकास बैंक अथवा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष सहायता से सिंचाई क्षेत्र में कोई भी परियोजना आरंभ नहीं की गई है । तथापि पिछले तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक सहायता से प्रारंभ की गई राज्यवार सिंचाई परियोजनाएं दर्शाने वाला विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

**विवरण**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्राप्त विदेशी सहायता**

(अमेरिकी डलर मिलियन में)
(करोड़ रू.

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | राशि/वर्तमान मूल्य | हस्ताक्षर करने की रीख/प्राभावी रूप से समाप्त | संचित निकासी | | कुल (6+7) | 31.3.97 को न निकाला गया शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 31.3.96 | 31.3.97 | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | हरियाणा जल संसाधन समेकन परियोजना (क्रेडिट 2592-ईएन) | हरियाणा | 294.29 | 06.04.94<br>24.06.94<br>31.12.00 | 32.26 | 63.126 | 95.386 | 231.163<br>(रु. 828.49) |
| 2. | उड़ीसा जल संसाधन समेकन परियोजना (क्रेडिट सं. 2801 आईएन) | उड़ीसा | 290.90 | 05.01.96<br>30.01.96<br>30.09.02 | 14.21 | 34.226 | 48.436 | 256.674<br>(रू. 919.92) |
| 3. | तमिलनाडु जल संसाधन समेकन परियोजना (क्रेडिट सं. 2745-आईएन) | तमिलनाडु | 282.90 | 22.09.95<br>14.12.95<br>31.03.02 | 12.44 | 14.502 | 26.942 | 268.398<br>(रू. 961.94 |
| 4. | जल विज्ञान परियोजना (क्रेडिट सं. 2774-आईएन | आंध्र प्रदेस, तमिलनाडु, महारष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा, केरल, एवं मध्य प्रदेश । | 142.00 | 22.09.95 | 4.00 | 5.612 | 9.612 | 136.338<br>(रु. 448.81) |

में)